# प्रेस विज्ञप्ति

***16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश हॉकी टीम ने रचा जीत का नया अध्याय***

***सेमीफाइनल में झारखंड को 2-0 से हराकर फाइनल में बनाई जगह* *अंतिम क्वार्टर में राजवीर सिंह और आशिर आदिल खान के गोल से मिली शानदार जीत;***

***8 अगस्त को ओडिशा से होगा खिताबी मुकाबला***

**भोपाल। 06 अगस्त 2026।**

मध्यप्रदेश की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2026 के फाइनल में प्रवेश कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। कोयंबटूर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी हॉकी झारखंड को 2-0 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुनिश्चित की। टीम का यह प्रदर्शन खिलाड़ियों के अनुशासन, रणनीति और जुझारू खेल का शानदार उदाहरण रहा।

***अंतिम क्वार्टर में बदला मैच का रुख, मध्यप्रदेश ने दर्ज की यादगार जीत***

मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले तीन क्वार्टर तक दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हो सकीं। हालांकि निर्णायक अंतिम क्वार्टर में मध्यप्रदेश ने अपने आक्रामक तेवर दिखाए और लगातार दबाव बनाते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

56वें मिनट में राजवीर सिंह ने शानदार फील्ड गोल कर मध्यप्रदेश का खाता खोला और टीम को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इसके बाद 58वें मिनट में आशिर आदिल खान ने दूसरा गोल दागकर झारखंड की वापसी की उम्मीदों पर विराम लगा दिया। निर्धारित समय तक मध्यप्रदेश ने 2-0 की बढ़त बनाए रखी और शानदार जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया।

***जतिन वर्मा बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'***

मध्यप्रदेश के गोलकीपर जतिन वर्मा को पूरे मुकाबले में उनके शानदार प्रदर्शन, बेहतरीन नियंत्रण और टीम के लिए अहम योगदान के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उनका प्रदर्शन टीम की जीत में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

***अब 8 अगस्त को ओडिशा से होगी खिताबी जंग***

शानदार जीत के साथ मध्यप्रदेश अब 8 अगस्त 2026 को होने वाले फाइनल मुकाबले में हॉकी ओडिशा का सामना करेगा। राष्ट्रीय चैंपियन बनने के लिए दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। पूरे प्रदेश की निगाहें अब इस बहुप्रतीक्षित फाइनल पर टिकी हैं।

***प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का दमदार प्रदर्शन***

मध्यप्रदेश की जूनियर पुरुष हॉकी टीम का फाइनल तक का सफर प्रदेश में विकसित हो रही खेल संस्कृति, उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों की अथक मेहनत का परिणाम है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित, संतुलित और आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी मजबूत की है।

***खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी शुभकामनाएँ***

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीम इसी जज़्बे और आत्मविश्वास के साथ फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय खिताब जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित करेगी।

***खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने दी बधाई***

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश ने फाइनल में पहुंचने पर पूरी टीम, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के उभरते खेल प्रतिभाओं की क्षमता और विभाग द्वारा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण खेल सुविधाओं का परिणाम है। विभाग ने 8 अगस्त को होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए टीम को अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि मध्यप्रदेश की टीम राष्ट्रीय चैंपियन बनकर प्रदेश का गौरव और बढ़ाएगी।




#INDIAKAGAME
HOCKEY INDIA
ODISHA
HMR


#INDIAKAGAME
HMR